**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–30.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)**

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में शहरी भारत के सबसे स्वच्छ शहरों को सम्मानित किया गया और स्वच्छ भारत मिशन–शहरी को आगे बढ़ाने के प्रयासों को मान्यता दी गयी। इस दौरान झारखंड के जमशेदपुर और बुंडू को भी पुरस्कार से नवाजा गया। इसी दिन शहरों की स्वच्छता रैंकिंग भी जारी होगी। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कचरा प्रबंधन की दिशा में देश में हो रहे नवाचारों की सराहना की।

****************

जामताड़ा के वरिष्ठ नेता तरुण कुमार गुप्ता की लगभग छह वर्षों के निष्कासन के बाद भारतीय जनता पार्टी में वापसी हुई है। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने गिरिडीह स्थित आवास पर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर श्री मरांडी ने कहा कि तरुण कुमार गुप्ता जैसे अनुभवी नेता की वापसी भाजपा के लिए सकारात्मक संकेत है।

****************

झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक इन दिनों राज्य भर के अलग–अलग धार्मिक स्थलों का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने हजारीबाग के कई मंदिरों का दौरा किया। इस मौके पर श्री पाठक ने बताया कि बोर्ड धार्मिक मठ का संरक्षण करने के लिए वचनबद्ध है।

साउंड बाईट––जयशंकर पाठक ऑन धार्मिक न्यास बोर्ड––22 सेकेंड

****************

जमशेदपुर के चाकुलिया प्रखंड में वंदे भारत का कोच तैयार होंगे। इसके लिए यहां कंपनी की स्थापना की जायेगी। बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार मोहंती ने कोच निर्माण करने वाली कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और सलाहकार विष्णु गर्ग के साथ बैठक की और स्थापना की दिशा में अब तक हुई प्रगति पर जानकारी ली। श्री मोहंती ने कहा है कि बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए औद्योगिक क्रांति का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है।

****************

जामताड़ा जिले को साइबर अपराधियों से मुक्त बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रथम चरण में जिले के 72 विद्यालयों में साइबर सिक्योरिटी क्लब की स्थापना की जाएगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

****************

कोडरमा थाना क्षेत्र के लरियाडीह गांव में संचालित एक निजी विद्यालय में हादसे में आधा दर्जन बच्चे और निर्माण कार्य में लगा एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना उस समई हुई जब विद्यालय के एक कमरे में बच्चे पठन–पाठन कर रहे थे और उसी कमरे की छत का निर्माण कराया जा रहा था और छत गिर गई। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां सभी का इलाज किया जा रहा है।

****************

15वीं हॉकी इंडिया जूनियर राष्ट्रीय पुरूष हॉकी चौंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का चयन ट्रायल छब्बीस जुलाई को होगी। रांची में होनेवाली इस चयन ट्रायल में एक जनवरी दो हजार छह या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज दोपहर में झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ स्थानों पर इक्कीस जुलाई तक गरज के साथ बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। इस दौरान कहीं–कहीं वज्रपात होने की भी संभावना है। इसे लेकर मौसम विज्ञान केन्द्र ने येलो अलर्ट जारी किया है।

*****************